M 8657

Reg. No. : ....

Name : ....

II Semester B.A. Degree (CCSS-Supple./Improv.) Examination, May 2015
(2013 and Earlier Admn.)
CORE COURSE IN HINDI
2B03 HIN : Fiction

Time : 3 Hours Max. Weightage : 25

निर्देश : निम्नलिखित अवतरण पढ़कर प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखिए। **(Weightage 1)**

1. ''नारद हसकर बोले, हाँ तुम्हारा सोचना ठीक ही है। यही भ्रम अच्छी गृहस्थी का आधार है। अच्छा माता मैं चला।''

   क) नारद जी किससे बात कर रहे थे ?

   ख) उन्हें हँसी क्यों आ गई ?

   ग) नारद जी ने किस भ्रम को अच्छी गृहस्थी का आधार बताया ?

   घ) इस वाक्य द्वारा उन्होंने समाज पर क्या व्यंग्य किया ? **(1x1=1)**

निर्देश : किन्हीं तीन प्रश्नों का लघु उत्तर लिखिए। **(Weightage 2 each)**

2. गजाधर बाबु का परिचय दीजिए।

3. 'आदमी का बच्चा' कहानी का उद्देश्य क्या है ?

4. चित्रगुप्त को कौनसी गलती पकड में नही आ रही थी ?

5. ममता कहानी का संदेश क्या है ?

6. ''दिल्ली में एक मौत'' कहानी में चित्रित समस्याओं पर प्रकाश डालिए ? **(3x2=6)**

निर्देश : किन्हीं तीन प्रश्नों का लघु उत्तर लिखिए। **(Weightage 2 each)**

7. ''महाभोज'' राजनीतिक मूल्यों के ह्रास की गाथा है – समर्थन कीजिए।

8. सुकूल बाबु का चरित्र-चित्रण कीजिए।

P.T.O.

9. 'महाभोज' में दलित जीवन की विभीषिकाएँ कैसे प्रस्तुत हुई है ?

10. आज ईमानदार एवं कर्तव्य परायण सरकारी कर्मचारी राजनेताओं के दुश्मन होकर रह जाते हैं। महाभोज के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिए।

11. ''महाभोज'' के शीर्षक की सार्थकता व्यक्त कीजिए। **(3×2=6)**

निर्देश : किन्हीं **दो** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **(Weightage 2 each)**

12. ''घरेलू उद्योग की इस योजना से उनकी गरीबी पर ज़रूर मरहम लगाया जा सकता है, पर प्रियजनों के बिछुड़ने के दुख पर नहीं।''

13. ''देखो भाई ! मेरे लिए राजनीति धर्मनीति से कम नहीं। इस राह पर मेरे साथ चलना है तो गीता का उपदेश गाँठ बाँध लो।''

14. ''मैं उलाहना नहीं दे रहा। जानता हूँ, काम बढ गया है आप लोगों का अब। बीच में तो यह स्थिति थी कि बनी-बनायी खबर आ गयी ऊपर से और छाप दी।''

15. ठीक है भाई, तुमको चुनाव जीतना है ... पर लोगों की शान्ति और आपसी सद्भावना पर तो मत जीतो।'' **(2×2=4)**

निर्देश : किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **(Weightage 4)**

16. महाभोज उपन्यास के कथानक की समीक्षा करके उसकी प्रासंगिकता पर विचार कीजिए।

17. सत्ताधारी राजनेताओं का एक मात्र लक्ष्य सत्ता को बनाये रखना होता है। महाभोज के आधार पर इस कथन का विश्लेषण कीजिए। **(1×4=4)**

निर्देश : किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **(Weightage 4)**

18. 'भोलाराम का जीव' नामक कहानी के माध्यम से परसाई जी समाज पर किस प्रकार व्यंग्य उठाता है ?

19. 'आदमी का बच्चा' कहानी की समीक्षा प्रस्तुत कीजिए। **(1×4=4)**